तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024

एक हजार रुपये कभी-कभी लाख के बराबर हो जाता है: कौशिल्या साय 13



अध्यात्म, साहित्य और समाज सेवा में जुड़े लोगों को किया सम्मानित 13





## नवरात्रि विशेष



### पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

## मातारानी को 56 भोग की प्रसादी...



**भिलाई।** सार्वजनिक श्री दुर्गा उत्सव समिति खुर्सीपार में आज माता को 56 भोग की प्रसादी चढ़ाई गई। दुर्गा पंडाल, जोन 2 खुर्सीपार शिवाजी नगर पुराना धर्मकांटा जीई रोड के पास माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां माता दुर्गा को रोज अलग-अलग भोग लगाया जा रहा है। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि वृंदावन से आए पंडित ने विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर महाआरती की गई। माता को खीर-पूड़ी का भोग लगाया गया। 56 भोग में कई तरह के फल, मिठाइयांअर्पित की गई। माता को लौंग से बना हार पहनाया गया।

### मृतक पर अलग-अलग थानों में हैं 15 मामले दर्ज

# आदतन अपराधी से परेशान मोहल्लेवालों ने जमकर पीटा, अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



आदतन अपराधी के लोगों से शराब पीने के लिए पैसा मांगने न मिलने पर मारपीट करना सहित अन्य हरकतों से परेशान मोहल्लेवालों ने रविवार शाम को उसको जमकर पीटा। गंभीरावस्था में आशिक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुरेंद्र विश्वकर्मा से लोग इतने ज्यादा परेशान थे कि जिसे जो मिला उसी से हमला कर दिया। आदतन अपराधी पर अलग- अलग थानों में 15 जुर्म दर्ज हैं। मामले में पुलिस ने 9 लोगों को हिरासत में लिया है, जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं।


मृतक

भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि हथखोज शीतलापारा भिलाई- 3 निवासी सुरेंद्र उर्फ आशिक विश्वकर्मा 27 वर्ष का था। रविवार शाम सुरेंद्र बस्ती के पास ही प्रमोद गबेल नामक व्यक्ति को रोका और शराब पीने के लिए पैसों की डिमांड की। प्रमोद ने सुरेन्द्र को पैसा देने से इनकार कर दिया। तब सुरेन्द्र ने आवेश में आकर प्रमोद की जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद प्रमोद से शराब के लिए रुपए लेकर आने की बात कहा था। प्रमोद साथियों के साथ पैसे लेकर आया और इस तरह बस्ती के लोगों से मारपीट नहीं करने की हिदायत सुरेन्द्र को दी। सुरेंद्र ने पैसों से शराब मंगाई और रामायण, प्रमोद, संतोष कुमार बहादुर से कहा कि एक साथ बैठकर पीएंगे। सभी शिव मंदिर के पास बैठकर शराब पी। शराब पीने के बाद निकल रहे थे, तभी आदतन अपराधी सुरेन्द्र उर्फ आशिक ने अपने पास रखी तलवार निकालकर संतोष कुमार बहादुर पर हमला कर दिया। इस पर प्रमोद ने संतोष को धक्का दिया और भाग निकला। इसके बाद प्रमोद, संतोष और रमायण ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर हथखोज बस्ती के तीन दर्जन से अधिक लोग मौके पर पहुंचे और आदतन बदमाश सुरेन्द्र उर्फ आशिक पर टूट पड़े। जिसके पास जो सामान था उसी से हमला करना शुरु कर दिया। इसमें महिलाएं भी शामिल थी। गंभीरावस्था में आशिक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर लगते ही मौके पर एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी हरिश पाटिल, टीआई महेश ध्रुव, डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची।

### नौ बस्तीवासी पकड़े गए तीन महिलाएं भी शामिल

सुरेन्द्र विश्वकर्मा की हत्या मामले में शीतलापारा हथखोज भिलाई तीन निवासी निवासी प्रमोद गभेल, रामायण सिंह राजपूत , कीर्तन लाल साहू,संतोष साहू ,संतोष कुमार बहादुर ,वेदराम वर्मा ,विजयलक्ष्मी गबेल, टेमिन साहू ,मीरा राजपूत को गिरफ्तार किया है। पुलिस नेलाठी, कुल्हाड़ी, दरांती जैसे हथियार बरामद किए हैं।

### मोहल्लेवासियों से हर समय उलझता था मृतक

पुलिस ने बताया कि बदमाश सुरेन्द्र उर्फ आशिक विश्वकर्मा की दबंगई से हथखोज बस्ती के लोगों से खासे परेशान थे। लगातार सुरेन्द्र किसी न किसी के साथ उलझता रहता था। रविवार को प्रमोद गभेल से सुरेन्द्र ने शराब के लिए रुपयों की डिमांड की और मारपीट की। सुरेन्द्र को शराब के लिए पहले रुपए दिया गया। रामायण, प्रमोद, संतोष ने मिलकर शराब पी। उसके बाद आदतन अपराधी ने तलवार से संतोष पर हमला कर दिया। हमले से माहौल खराब हो गया और लोगों ने मिलकर बदमाश की बुरी तरह पिटाई कर दी। लोग इतने ज्यादा त्रस्त थे कि जिसे जो सामान मिला उसी से वार किया।

### आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हत्या के मामले में 9 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया, जहां आशिक ने दम तोड़ दिया।

-हरिश पाटिल
सीएसपी, छावनी

### पिछले साल 161 करोड़ राजस्व मिला, इस बार 181 करोड़ के पार

# 1779 कम रजिस्ट्रियां, क्योंकि 30% छूट खत्म, पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत ले रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन ने इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में कलेक्टर गाइडलाइन में 30 फीसदी छूट को समाप्त कर दिया है। इसका सीधा असर जमीन की खरीदी-बिक्री पर पड़ा है। जमीन की रजिस्ट्रियां तो कम हुई हैं, लेकिन शासन का राजस्व जरूर बढ़ गया है। हालात यह है कि पिछले साल से 1779 कम रजिस्ट्री हुई हैं।

इसके बाद भी सरकार को 20 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। इसका प्रमुख कारण कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट समाप्त करना माना जा रहा है। इस छूट को समाप्त किए जाने के चलते खरीदी करने वालों को कलेक्टर दर का 100 फीसदी स्टांप शुल्क देना पड़ रहा है। जमीन से जुड़े जानकारों की मानें तो पूर्व सरकार द्वारा कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट दी गई थी। ऐसे में कलेक्टर गाइडलाइन के दर पर स्टांप शुल्क जहां एक लाख लगता था, वहां क्रेता को 70 हजार रुपए देने पड़ रहे थे, लेकिन छूट समाप्त होने के बाद सरकार को एक लाख का राजस्व प्राप्त हो रहा है। बता दें कि पूर्व सरकार में पंजीयन शुल्क 0.80 पैसा था, उसे बढ़ाकर चार फीसदी कर दिया गया था। उस दौरान कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट के चलते इसका आभास क्रेताओं को नहीं हुआ। लेकिन वर्तमान में तीस फीसदी छूट को समाप्त करने के बाद पूरा सौ फीसदी स्टांप शुल्क लिए जाने से क्रेताओं पर भार पड़ रहा है।

हरिभूमि सरोकार



### 1779 रजिस्ट्रियां कम, बढ़ गई 20 करोड़ आय

पिछले साल अप्रैल से सितंबर तक जिले के तीनों ब्लाको में 21185 रजिस्ट्री हुई थी। उस दौरान जिला पंजीयक को 161 करोड़ 1051478 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। जबकि इस साल अप्रैल से सितंबर तक सिर्फ 19406 रजिस्ट्री हुई है। लेकिन राजस्व बढ़कर 181 करोड़ 66 लाख 99 हजार 914 रूपए राजस्व मिले थे। इस तरह पिछले साल के मुकाबले 1779 रजिस्ट्री कम हुई थी। लेकिन तीस फीसदी छूट समाप्त करने से राजस्व बढ़ गया।

### छूट बंद होने से 54 करोड़ अधिक आय

अप्रैल माह से कलेक्टर दर में लगने वाले स्टांप शुल्क में तीस फीसदी छूट को समाप्त किया गया है। इन छः माह में करीब 54 करोड 50 लाख (कुल आय का तीस फीसदी) से अधिक की राशि खजाने में जमा कर चुकी है। छः माह में जिला पंजीयक को कुल आय 181 करोड़ 66 लाख 99 हजार राजस्व मिले है। सरकार ने तीस फीसदी छूट समाप्त किया है, लेकिन पहले के बढे पंजीयन शुल्क को कम करना चाहिए। जिससे आम जनता पर दोहरी मार न पड़े।

### पंजीयन शुल्क से भर रहा खजाना

कांग्रेस सरकार ने कलेक्टर दर में भले ही तीस फीसदी छूट दी थी, लेकिन उन्होंने पंजीयन शुल्क को 0.80 से बढ़ाकर 4 फीसदी कर दिया था। वर्तमान सरकार ने तीस फीसदी छूट का समाप्त कर दिया, लेकिन पूर्व सरकार द्वारा बढ़ाए गए पंजीयन शुल्क को कम नहीं किया और बढ़ हुए पंजीयन शुल्क से ही राजस्व की वसूली हो रही है। यही कारण है कि, पिछले साल से कम रजिस्ट्री होने के बाद भी सरकार को करीब बीस करोड अधिक का राजस्व मिला है।

### कंटेनर की चपेट में आने से युवती की मौत

**भिलाई।** कंटेमर की चपेट में आने से एक्टिवा सवार युवती की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहंची पुलिस ने शव को मरचूरी भेजवाया। मामले में चालक के खिलाफ जुर्म दजर्द किया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि राजनांदगांव निवासी गंगेश्वरी अपनी छोटी बहन चांदनी वर्मा के साथ रायपुर सरोना के लिए निकली थी। इस दौरान नेहरु नगर चौक के पास पहुंची था। तभी अचानक कंटेनर के चालक की लापरवाही के चलते एक्टिवा सवार दोनों बहने चपेट में आ गए। हादसे में चांदनी की मौके पर मौत हो गया। वहीं गंगेश्वरी को भी चोट आई है। मामले में पुलिस जांच जारी है।

# भिलाई में घंटेभर झमाझम बारिश, दुर्ग में सिर्फ बौछारें



■ सोमवार को हुई बारिश से बचने प्रयास करते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सोमवार को तेज गर्मी के बीच भिलाई के लोगों के लिए राहतभरी बारिश हुई। बारिश भी ऐसे जो भिलाई के कुछ हिस्सों में घंटेभर होते रही, लेकिन कुछ हिस्सों में सूखा रहा। दुर्ग के रायपुर नाका, सिंधिया नगर, कातुलबोड़ क्षेत्र में हल्की बारिश हुई। उतई और आसपास के क्षेत्रों में पानी की बूंद तक नहीं टपकी। भिलाई में पावर हाउस, घड़ी चौक सुपेला, कोहका, कोसानाला, नेहरूनगर से लेकर बटालियन में तेज बारिश हुई। वहीं टाउनशिप के कुछ हिस्सों में पानी गिरा, लेकिन कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। खास बात यह है कि घंटेभर की बारिश का रिकार्ड मौसम विभाग में दर्ज ही नहीं हो पाया। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक स्थानीय प्रभाव से यह बारिश हुई। बारिश की वजह से तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री रिकार्ड की गई।

## खबर संक्षेप

### शराब का ठेका दिलाने के नाम पर 36 लाख ठगे

**भिलाई।** शराब दुकान का ठेका दिलाने के नाम पर अमानत में खयानत का मामला सामने आया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि दीपक नगर दुर्ग निवासी राजेश कुमार शुक्ला ने शिकायत किया है। आरोपी विजय सिंह ने रामनगर एमपी निवासी मनोज सोनी से 16 लाख, स्वयं से 20 लाख रूपये शराब दुकान की ठेका मे पैसा लगाने 6 माह में रकम दोगुना करने का झांसा देकर 36 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित मनोज सोनी को वर्ष 2023-2024 में कम्पोजिट शराब दुकानो का ठेका मिलने की बात का झांसा देकर ड्रीम पैलेस होटल में विजय सिंह ने बैठक आयोजित किया था। विजय सिंह ने पीड़ित को मनोज सोनी को भरोसा दिलाकर छेका की जानकारी दी थी। मनोज सोनी ने मार्च 2023 को 10 लाख और 6 लाख रूपये कुल रकम 16 लाख रूपये अपने पुत्र मंजीत सोनी के बैंक आफ बडौदा शाखा दुर्ग के खाता से ट्रांसफर किया था। पीड़ित ने अप्रैल 2023 को अपने साला के खाते से 10 लाख रूपये आरोपी विजय सिंह के खाता में ट्रांसफर कराया गया। बाद में राशि नहीं लौटाई।

### मवेशियों की चोरी

**भिलाई।** किसान के घर से 27 मवेशियों की चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 331(4),305(ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम बठेना निवासी रामनाथ चक्रधारी किसान है। ईट बनाने के साथ साथ बकरी बकरा पालन करता है। बीती रात परिवार समेत खाना खाकर सभी सो गए। रात 12 से 2 बजे के मध्य वाहन में पहुचे बदमाश बकरी चोरी करने पहुंचे और घटना को अंजाम दिया।

# बसों के परमिट एक से दूसरे को हो सकते हैं ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ हाईकोर्ट ने दुर्ग के ट्रांसपोर्टर की याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया आदेश

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अत्यंत महत्वपूर्ण फैसले में बस परमिट के नामांतरण को लेकर न्यायालय राज्य परिवहन अपीलीय अधिकरण छत्तीसगढ़ के परमिट नामंत्रण क़्री स्वीकृति के विरुद्ध राज्य सरकार क़्री याचिका ख़ारिज कर दी है। परिवहन न्यायालय द्वारा परमिट नामांतरण की स्वीकृति को वैध करार दिया है। प्रकरण के मुताबिक दुर्ग निवासी नीतेश सिंह सोरी ने मार्ग दुर्ग से रायपुर के परमिट क्रमांक 01/1991 परमिटधारी सत्यम कसार के परमिट को आपसी सहमति से नामांत्रित किए जाने निर्धारित प्रारूप में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार छत्तीसगढ़ के समक्ष नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया।

23 फ़रवरी 22 को प्राधिकार के समक्ष सुनवाई के समय कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं हुई। इसके बाद भी 26 जुलाई 22 के आदेश द्वारा परमिट आवेदन यह कहकर निरस्त कर दिया गया। केवल परिवार में ही अंतरण हो सकता है। नीतेश सोरी ने इस आदेश के विरुद्ध न्यायालय राज्य परिवहन अपिलीय अधिकरण छत्तीसगढ़ के समक्ष अपील क्र 59/2022 अपने अधिवक्ता शिवेश सिंह के माध्यम से प्रस्तुत किया। 19 मई 23 को न्यायालय ने प्राधिकार के परमिट नामांतरण निरस्ती आदेश को अवैध करार दिया। अधिवक्ता शिवेश सिंह ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि परमिट के नामांतरण में कोई वैधानिक बाधा नहीं है।

### आईजी ने लॉन्च किया था एप, एएसपी सुखनंद राठौर लोगों को कर रहे जागरूक

# ठगों की मुश्किलें बढ़ा रहा साइबर प्रहरी, दो लाख लोग जुड़ चुके

जेएम तांडी ⏭ भिलाई

जिले में लगातार बढ़ रही ठगी के मामलों को पूरी तरह समाप्त करने के लिए दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग ने सायबर प्रहरी नामक एप को लॉन्च कर ठगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। आठ माह में इस एप से करीब 2 लाख लोग जुड़ चुके हैं। सायबर प्रहरी एप से लोगों को ठगी की कई बड़ी जानकारी एसएमएस, वीडियो के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। दुर्ग पुलिस लोगों को जागरूक थीम पर ट्रेंडिंग साइबर क्राइम को लेकर पूरे जिले में बड़ा अभियान चला रही है। इससे स्कूल, कालेज समेत सरकारी कार्यलयों के कर्मियों तक इसकी जानकारी आसानी से मिल रही है।सायबर ठगी से जिले में सैकड़ों की संख्या में लोग शिकार हो रहें है। सायबर ठग अब अपना पैटर्न बदलकर सरकारी नौकरी , डॉक्टर समेत अन्य को बड़ी आसानी से शिकार बनाते आ रहें है। दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग जबसे जिल दुर्ग रेंज का कमान संभाला तब से ही ठगी को लेकर बड़ा अभियान चलाकर लोगों को ठगी का शिकार होने से बचा रहें है। ट्विनसिटी में सैकड़ों की संख्या में लोग सायबर प्रहरी की वजह से अपने रुपए को ठगों से बचा चुके है। दुर्ग जिले के अलावा दुर्ग रेंज में भी सायबर प्रहरी कारगर साबित होता दिखाई दे रहा है।सोशल मीडिया में जमकर इस ऐप का प्रचार प्रसार चल रहा है। दुर्ग पुलिस के सायबर प्रहरी के आने से हर समय ग्रुप में ठगों से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय बताए जाते है। टीम के नोडल संकल्प राय है।



### वाट्सएप-इंस्टा में दीवानगी

सायबर प्रहरी के ऐसी दीवानगी लोगों में छाई है कि 516 वाट्सअप ग्रुप में दो लाख और इंस्टा आर्गनिक फालोवर्स में 2344 लोग अब जुड चुके है। दोनों सोशल मीडिया से लोग बढ़ चढ़कर ठगी को लेकर कमेंट कर जानकारी भी दिया करते है। साथ ही साथ ऐप में तुरंत सायबर टीम उनका रिप्लाई भी दिया करती है। इससे सायबर प्रहरी ऐप के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ गया है। इसी भरोसे के चलते अपनी आठ माह के समय में दो लाख से अधिक लोग ग्रुप से जुड़ चुके है। इसमें टेक्नालॉजी, सुरक्षा , मानसिक, बैंक अधिकारी डिजिटल एरेस्ट से बचने के उपाए भी बताए जाते है।

### लोग जुड़ रहे



सायबर प्रहरी में करीब 2 लोग लोग जुड़ चुके है। सभी थानेदारों को अपने अपने क्षेत्र में जोड़ने की हिदायत दी गई है। इसमें सायबर ठगी से बचने प्रतिदिन उपाए बताए जाते है। इसे मार्च में लांच किया गया था। जिसका रिस्पांस भी बेहतर है। परिणाम भी लोगों के सामने दिख रहा है। ठगी से बचने के हर किसी को सायबर प्रहरी ऐप से जुड़ने की अपील की जाती है।

-राम गोपाल गर्ग, आईजी

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें


★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

**खबर संक्षेप**

## गुरु सिंह सभा सेक्टर-6 में तारा सिंह की जीत



**भिलाई।** गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा सेक्टर-6 को पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। रिटर्निंग ऑफिसर सरदार सुच्चा सिंह ने चुनाव संपन्न कराया। इसमें मुख्य रूप से सिक्ख पंचायत एवं सभी गुरुदार के प्रधान उपस्थित थे। सरदार तारासिंह का समूह बहुमत से विजयी घोषित किया गया। इस पर सरदार कुलवन्त सिंह पूर्व प्रधान ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। सरदार तारा सिंह को बधाई दी। इस चुनाव में मुख्य रूप से सरदार पीवीएस अहलूवालिया, मनजीत सिंह, लखबीर सिंह, गुरुदेव सिंह, जसबीर सिंह, जगदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

## एफएसएनएल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता



**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड और स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविघालय के तत्वावधान में निगमन कार्यालय, भिलाई के मिनी ऑडिटोरियम में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीपीएस दुर्ग के हिंदी विभाग के अध्यक्ष रमेश चंद द्विवेदी एमजीएम स्कूल के शिक्षक के.योहान विशेष अतिथि थे। श्री त्यागी ने कहा कि आपके पास भाषण कौशल हो, तो आप अपने दृष्टिकोण, जुड़ाव और लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित कर सकते हैं। ग्राम पंचायत पतोरा का स्वच्छता से संबंधित वीडियो भी प्रसारित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम–अभिषेक सिंह, द्वितीय–चंद्रशेखर साहू, तृतीय–सुरेश कुमार वर्मा व हिंदी भाषी वर्ग मेंप्रथम–खुशी, द्वितीय–अदिति पाण्डेय तृतीय–मानसी यदु,और हिंदीत्तरभाषीवर्गमेंप्रथम–नंदिनी कर, द्वितीय–गुनगुन ठाकुर, तृतीय–जान्हवी ठाकुर के अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने किया।

### जर्जर आवासों व सड़कों से बढ़ी परेशानी, स्मेफी ने प्रबंधन से की संधारण की मांग

# टाउनशिप में बुनियादी समस्याओं का खामियाजा भुगत रहे रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील मेटल एंड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ( स्मेफी ) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एचएस मिश्रा ने बुनियादी समस्याओं से ग्रस्त भिलाई टाउनशिप के रहवासियों की परेशानी बढ़ रही है। यूनियनों ने सफाई और आवासीय दिक्कतो सेहित अन्य बुनियादीस समस्याओं के निदान के लिए प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। स्टील मेटल एंड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन आफ इंडिया ( स्मैफी) ने प्रबंधन के अधिकारियों की उदासीनता पर असंतोष जताते हुए आवासों, उद्यानों और सड़कों के सुधार व रखरखाव की मांग की है।

स्मेफी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एचएएस मिश्रा ने बताया कि आवासों के रखरखाव में लापरवाही से दुर्घटना आशंका बनी हुई है। वहीं देखभाल के अभाव में सड़क से लेकर उद्यानों तक की स्थिति खराब हो गई है। टाउनशिप में 40 से 45 वर्ष पहले बने मकान जर्जर हो चुके हैं। इन मकानों के रखरखाव के प्रति संयंत्र प्रबंधन को जिस तरीके की गंभीरता दिखाने की जरूरत है । आवासों में छज्जा गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। सेक्टर 5 में संयंत्र कर्मी को आबंटित मकान का छज्जा गिर गया। इस घटना में संयंत्र कर्मी और उनका परिवार बाल बाल बचा। इस तरह की घटनाएं पूर्व में कई बार हो चुकी है। आवासों में लगे पंखे और बिजली वायरिंग को आज तक नहीं बदला गया है। बिजली गुल होने की समस्या भी बढ़ रही है। आवासों के संधारण और रखरखाव के लिए ठेका एजेंसी के संधारण कार्य की अधिकारियों द्वारा सही मानिटरिंग नहीं होने का खामयिजा बीएसपी कर्मी भुगत रहे हैं।

**टाउनशिप की समस्याओं से अवगत हों अधिकारी**





### जर्जर सड़कों से दुर्घटनाएं

श्री मिश्रा ने यह भी जानकारी दिया कि टाउनशिप में सड़कें जर्जर हैं। जिस एजेंसी को सड़क बनाने का काम दिया जाता है वह अपना फायदा देखकर काम करता है। डामर का पतला लेयर बनाकर उसके उपर रेत बिछा कर कमतर क्वालिटी का मटेरियल उपयोग किया जाता है। इससे कई लोग फिसल कर गिर कर चोटिल भी हो रहे हैं। जेपी चौक से नेहरू नगर चौक तक जो सड़क बनाया गया उसमें अब तक कई जगह गड्ढे हो गए है सड़क लेबल ना होकर उबड़ खाबड़ है। श्री मिश्रा ने सड़कों के संधारण की मांग की है।

### गाजर घास काटकर कचरा वहीं छोड़े

भिलाई टाउनशिप को स्मार्ट सिटी/स्टील सिटी बनाने की घोषणा पर अब तक अमल नहीं है। जब तक बड़े अधिकारी फील्ड पर निकलकर टाउनशिप का अवलोकन नहीं करेंगे तब तक स्टील सिटी बनाने की सोच के सफल होने पर संदेह बना रहेगा। स्मेफी के श्री मिश्रा ने कहा कि टाउनशिप में बारिश के दिनों में उगने वाली गाजर घास को काटकर वहीं छोड़ दिये जाने से जगह जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है। अनेक सड़कें टूटी हुई है। विभिन्न सेक्टर में विकास के नाम पर बनाए गए उद्यान साफ सफाई और रखरखाव नहीं होने से लोगों के लिए अनुपयोगी साबित हो रही है। सेक्टर 8 के उद्यान में पानी भरा हुआ है। पेड़ पौधों की कटाई छंटाई नहीं हो रही है।

# भिलाई संयंत्र का वित्त वर्ष अवधि में सर्वाधिक उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिश्ड स्टील उत्पादन

भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही अप्रैल से सितंबर 2024 अवधि में उत्पादन और तकनीकी-अर्थशास्त्र में नए रिकॉर्ड बनाए हैं। संयंत्र ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी एच1 अवधि में दर्ज 23,13,803 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन की तुलना में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 23,16,659 टन फिनिष्ड स्टील उत्पादन दर्ज किया। संयंत्र ने उत्पादन के कई अन्य क्षेत्रों में भी अप्रैल से सितंबर अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। अप्रैल से सितंबर की अवधि में बार एंड रॉड मिल ने 4.81 लाख टन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज कर वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि अप्रैल से सितंबर में दर्ज 4.63 लाख टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन को पार किया। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही अप्रैल से सितंबर 2024 में कास्ट स्टील का उच्चतम उत्पादन 1.71 मिलियन टन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.69 मिलियन टन को पार किया। इसमें अब तक का सर्वश्रेष्ठ कास्ट बिलेट उत्पादन 1.15 मिलियन टन शामिल है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में दर्ज 1.12 मिलियन टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन से अधिक है।

### सर्वश्रेष्ठ लोडिंग को पीछे छोड़ा

बीएसपी ने अप्रैल से सितंबर अवधि में 260 मीटर लंबी रेल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.91 लाख टन उत्पादन दर्ज किया, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.72 लाख टन से कहीं अधिक है। यूनिवर्सल रेल मिल और रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल दोनों ने मिलकर कुल प्राइम रेल उत्पादन 5.95 लाख टन दर्ज किया। इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.94 लाख टन को पार कर लिया गया। रेलवे के लिए 260 मीटर लंबी रेल की कुल लोडिंग 4.89 लाख टन की गई, जो किसी भी पहली छमाही अवधि के लिए सर्वश्रेष्ठ रही। संयंत्र ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज 4.83 लाख टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ लोडिंग को पीछे छोड़ा।

# ओए ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया। विशिष्ट अतिथि सीजीएम, सीओसीसीडी तुलाराम बेहरा थे व अध्यक्षता ओए व सेफी चेयरमेन नरेंद्र कुमार बंछोर ने की। इस कार्यक्रम में महासचिव परविंदर सिंह, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, उपाध्यक्ष माइंस नीतेश क्षत्री, सचिव जेपी शर्मा उपस्थित थे। ओए द्वारा अधिकारियों तथा उनकी पत्नियों को द्वारा पौधे एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। शैलेष कुमार दसोरे, जीएम खिलावन सिंह ठाकुर, जीएम इंद्रजीत सिंह, एजीएम राजीव दंडोना,बैजू केपी, सीनियर मैनेजर लिलक राम वर्मा, और अस्सिटेंट मैनेजर केशवकरन बामने का सम्मान किया गया ।



### उत्कृष्ट योगदान को सराहा

श्री नरेंद्र कुमार बंछोर ने कहा कि यह समारोह आपके दीर्घ व उत्कृष्ट योगदान का सम्मान है। मेडिकल की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी ।श्री बेहरा ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के क्षत्रप रहे हैं। उनकी सेवाएं हमेशा हमारे स्मृति पटल में सदैव रहेगी। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन परविदंर सिंह ने किया। इस अवसर पर रेमी थामस, डीपीएस बरार, एमएआर शरीफ, प्रदीप मेनन निखिल पेठे, राधाकिशुन, बी एस मान, पीसी राउल, एसके मालवीय व सीओसीसीडी से जीएम बिरजू पासवान, एजीएम प्रशांत कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित थे।

## बीएसपी में नागरिक सुरक्षा कार्यशाला

**भिलाई।** बीएसपी के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा रेल व स्ट्रक्चरल मिल के कर्मचारियों की पत्नियों/गृहिणियों के लिए एक दिवसीय विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला हम भी है तैयार का आयोजन एल एंड डी विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में मुख्य महाप्रबंधक व नागरिक सुरक्षा अधिकारी निशा सोनी तथा विशेष अतिथि के मुख्य महाप्रबंधक तीर्थांकर दस्तीदार थे। मुख्य अतिथि निशा सोनी ने कहा कि महिलाएँ भी नागरिक सुरक्षा के कार्य को बखूबी कर सकती है और जन जागरूकता व क्षमता विकास के लिए चलाए जा रहे इस कार्यशाला में आप भाग लेकर विपरीत परिस्थिति से निपटने प्रशिक्षण प्राप्त करें।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आजूराम देशलहरा पिता धीमरराम, गौतर टंडन पति ताराचंद, नंदगही पिता धीमर, समारू ढीमर पिता धीमर राम सभी निवासी-कानाकोट, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपने संयुक्त स्वामित्व की भूमि जो कि ग्राम कानाकोट, तह. पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा क्र. 1340/1 रकबा 0.42 हेक्टेयर है। जिसे मेरे पक्षकार अजीत सचदेव पिता स्व. छांगोमल सचदेव, निवासी- नूतन चौक, भिलाई-3, तहसील भिलाई-3, जिला दुर्ग (छ.ग.) से विक्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है तथा पंजीयन शेष है।

अतः उक्त सम्व्यवहार भूमि के विक्रय से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, बैंक, वित्तीय संस्था आदि को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा आपत्तिमय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात की गई दावा आपत्ति विधि अनुसार मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।
दिनांक : 07/10/2024

भवदीय
शीतल यादव
अधिवक्ता/नोटरी
व्यवहार न्यायालय भिलाई-3
जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो.नं. 70497-96601

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र.-202409102700027/ब-121 / वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शकुन प्रसाद सोनवानी पिता बिजेलाल, निवासी ग्राम टेकापार, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम टेकापार, प.ह.नं.-03, रा.नि.मं. बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग में उनके स्वयं का जन्म दिनांक 02/08/1964 को ग्राम टेकापार, तहसील बोरी जिला दुर्ग में होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय बाबत आवेदन पत्र मय शपथ-पत्र, पुलीस जॉच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन संलग्न कर पेश किया गया है जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदक को उनका जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 15/10/2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
बोरी

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र.-202409102700024/अ-6/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक केशव प्रसाद दिल्लीवार आत्मज स्व. डोमार सिंह, निवासी-ग्राम बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम बोरी, प.ह.नं. 04, तहसील बोरी स्थित खसरा नंबर 612, 783 रकबा क्रमशः 0.45, 0.88 कुल खसरा नंबर- 02 व कुल रकबा 1.33 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में रामकमल हरमुख आ. स्व. रामाधीन के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी/ वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 28.10.2020 को हो गई है। भू-धारक/ वसीयतकर्ता रामकमल हरमुख आ. स्व. रामाधीन ने अपने जीवनकाल में अपनी मृत्यु पूर्व अपने ममेरे भाई/ वसीयत प्राप्तकर्ता केशव प्रसाद दिल्लीवार आत्मज स्व. डोमार सिंह के सेवाभाव एवं देखरेख से प्रसन्न होकर पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 22.08.2015 को आवेदक केशव प्रसाद दिल्लीवार के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदक पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर ग्राम बोरी, प.ह.नं.- 04, तहसील बोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 612, 783 रकबा क्रमशः 0.45, 0.88 हे. कुल खसरा नंबर- 02 व कुल रकबा 1.33 हे. भूमि को अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त वादभूमि का आवेदक केशव प्रसाद दिल्लीवार पिता डोमार सिंह के नाम पर पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 22.08.2015 के आधार पर नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 14/10/2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
बोरी



12

प्रॉम्ट इंजीनियरिंग में एक्सपर्ट बनने से बेहतर करियर के अवसर बनेंगे

लाइव इवेंट

## डांसिंग स्टार प्रतियोगिता के लिए पोस्टर का विमोचन



**भिलाई।** हुनर छत्तीसगढ़ का डांसिंग स्टार का पोस्टर विमोचन गरबा स्थल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कलाकारों को मंच प्रदान करना है। हुनर डांसिंग स्टार की प्रथम बार की विजेता अलीशा बेहुरा ने एंड टीवी पर प्रसारित सो यू कैन थिंक यू कैन डांस की ऑल इंडिया विनर रही हैं। डांसिंग स्टार के लिए ऑडिशन 20 अक्टूबर को प्रजापति भवन शांति नगर में दोपहर 12 बजे होगा। इसमें सब जूनियर वर्क( 4 से 10 वर्ष )इनाम 7 हजार, जूनियर वर्ग (11 से 14 वर्ष) इनाम 11हजार, सीनियर वर्ग (15 से 30 वर्ष) इनाम 21 हजार व सुपर सीनियर वर्ग 30 वर्ष से ऊपर रखा गया है। 30 वर्ष के ऊपर के सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा । इसका सेमीफाइनल पार्षद पीयूष मिश्रा द्वारा 9 नवंबर 2024 को सूर्यकुंड तालाब हाउसिंग बोर्ड और फाइनल 14 नवंबर शाम 6 बजे दशहरा मैदान शांति नगर में किया जाएगा।

- कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने हुनर छत्तीसगढ़ का आयोजन

लाइव इवेंट

## कबीर आश्रम नेहरूनगर में योग और सत्संग, अंतिम दिन गुरु पूजा



**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में पांच दिवसीय ध्यान योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत विवेक साहेब एवं संत मंडली कबीर पारख आश्रम सूरत के अलावा विजय साहेब, निक्तेश्वर साहेब, साध्वी सुमन साहेब, साध्वी दुनिष्टा, सुप्रिया साहेब, अंत राम साहेब और कबीर पारख आश्रम से अनेक संत और साध्वी उपस्थित रहे। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम का पहला सत्र सुबह 7 से 10 बजे तक और दूसरा 2.30 से 5.30 तक चला। इस अवसर पर प्रतिदिन योग प्राणायाम के साथ ही आध्यात्मिक उद्बोधन और भजन सत्संग भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रथम सत्र के पश्चात गुरु पूजा और आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आत्माराम साहू, पीडी साहू, गौकरण लाल साहू, केपी साहू, फकीर राम साहू, विनोद साहू, गोविंद साहू, यदुनंदन प्रसाद पटेल, तिलक राम वर्मा, लक्ष्मी साहू, दलजीत साहू, डालेश्वरी साहू, उर्मिला साहू आदि का सहयोग रहा।

- निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम में हुआ पांच दिवसीय आयोजन

लाइव इवेंट

## सेक्टर स्तरीय महिला बास्केट बॉल में गर्ल्स कॉलेज पुनः विजेता



**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज आर-1 द्वारा सेक्टर स्तरीय अन्तरमहाविद्यालयीन महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेमीफाइनल मैच में गर्ल्स कॉलेज की टीम ने साइंस कॉलेज की टीम को हराया। कन्या महाविद्यालय ने 75-03 से एक तरफा परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। महाविद्यालय की रितिका निषाद, डी. कीर्ति, ज्योति प्रजापति, डी. अनुषा, डी. अश्वनी ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

फाइनल मैच में शासकीय कन्या महाविद्यालय के सामने सुराना कॉलेज की की टीम थी, जिसे 68-33 से यानी 35 अंकों के बड़े अन्तर से हराया। बता दें कि गर्ल्स कॉलेज की टीम पिछले 15 सालों से अजेय है। रूंगटा महाविद्यालय द्वारा विजेता ट्राफी एवं मेडल प्रदान किया गया। टीम में रितिका निषाद (कप्तान), ज्योति प्रजापति, डी. अनुषा, डी. कीर्ति, डी. अश्वनी, अर्चना निषाद, जन्नत अली, हीना कौसर, ए. अर्चना एवं टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे थीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी. अग्रवाल, क्रीड़ा समिति के संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम ने महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी। बता दें कि गर्ल्स कॉलेज की टीम पिछले 15 सालों से लगातार जीतते आ रही है। अब तक किसी भी कॉलेज की टीम ने फायनल मुकाबले में उसे नहीं हराया है।

- रूंगटा महाविद्यालय आर-1 कोहका भिलाई ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि के आयोजन का समापन : दो दिवसीय गरबा और डांडिया उत्सव के लिए 28 सितंबर से दिया गया प्रशिक्षण

# लहंगा-चोली, ट्रेडिशनल गुजराती ड्रेस और पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सजे ट्विनसिटी वाले जमकर थिरके

दैनिक हरिभूमि और आईएनएच का दो दिवसीय गरबा और झांडिया उत्सव का सोमवार को देर रात समापन हो गया। आयोजन समापन से पहले महिलाएं थोड़ा और थोड़ा और कहकर आयोजन को लगातार बढ़ाने का प्रयास करती रहीं। सोमवार को उत्सव में पहले से भी ज्यादा भीड़ उमड़ी। लहंगा-चोली, ट्रेडिशनल गुजराती और छत्तीसगढ़ वेशभूषा में महिलाएं आयोजन में शामिल होने पहुंची। पुरुषों ने भी राजस्थानी और गुजराजी वेशभूषा में गरबा और डांडिया खेलकर मातारानी को प्रसन्न करने का प्रयास किया। बता दें कि हरिभूमि का यह आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस बार 6 और 7 अक्टूबर को आयोजन हुआ। इससे पहले 28 सितंबर से 5 अक्टूबर तक प्रशिक्षण दिया गया।

**भिलाई।** सेक्टर-8 स्थित स्टील क्लब में आयोजित गरबा के आयोजन में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के इंदरजीत सिंह, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी भी पहुंचे। उन्होंने गरबा नृत्य को भक्तों को नवरात्र पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरिभूमि परिवार का यह आयोजन पूरी ट्विनसिटी को पसंद है। पूरे शहरवासियों को हर साल इस आयोजन का इंतजार रहता है। लगातार इस आयोजन की भव्यता बढ़ते जा रही है। आयोजन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की रश्मि अग्रवाल, रौनक जमाल सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम रात करीब साढ़े 8 बजे शुरू हुआ। इसके बाद गरबा और डांडिया की प्रस्तुति हुई। देर रात प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर बेस्ट क्वीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट ग्रुप, बेस्ट गरबा खेलने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देर रात अग्रवाल समाज के संरक्षक सुधीर अग्रवाल, दिव्या भसीन, अरविंद खुराना, दीप्ति खुराना, विधायक देवेंद्र की मां पुष्पा यादव भी पहुंची।














## चैतन्य देवियों की झांकियां आकर्षण का केंद्र अष्टभुजाधारी माता की प्रतिमा है विद्यमान

**भिलाई।** तीन बार ओम की ध्वनि उच्चारण के साथ ब्रह्मांड की समस्त शक्ति से जुड़कर नवरात्रि के रूप में कन्या द्वारा नवदुर्गा के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए सेक्टर 7 स्थित राजयोग भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसमें एक के बाद एक चैतन्य देवियों का विशाल पर्वत एवं गुफाओं से प्रकट होकर जड़ मूर्ति के रूप में स्थिर होकर भक्तों को दर्शन दे उन्हें शांति और दिव्यता की अनुभूति करा रही है।

झांकी का सांसद विजय बघेल, रजनी बघेल, डॉ. पीयूष गोयल (डायरेक्टर स्पर्श हॉस्पिटल) मुखोपाध्याय (ईडी प्रोजेक्ट, बीएसपी), पंकज त्यागी (जीएम, एफएसएनएल ),



आशा दीदी ने दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया गया। अष्टभुजा धारी दुर्गा मां की अष्ट शक्तियां (समाने की शक्ति, सहन करने की शक्ति, सामना करने की शक्ति, समेटने की शक्ति, परखने की शक्ति, निर्णय लेने की शक्ति, सहयोग करने की शक्ति,विस्तार को संकीर्ण करने की शक्ति) हम सभी में मां के रूप में विद्यमान है।

### 11 अक्टूबर तक लोग ले सकेंगे दर्शन लाभ

झांकी 11 अक्टूबर तक सर्व के निशुल्क दर्शनार्थ प्रतिदिन शाम को 06:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगी। झांकी के अंत में सभी को राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास द्वारा बताया जा रहा है कि हमारे एक सकारात्मक विचार में सब कुछ बदलने की शक्ति है। इसके अलावा दस दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निशुल्क आयोजन 13 अक्टूबर से होगा। समय सुबह 7 बजे से 8 बजे एवं संध्या 5:30 से 6:30 या संध्या 7:30 से रात्रि 8:30 तक रहेगा।

## सीएम पत्नी से नायडू हुए सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्तरीय रामधुनी महा आयोजन प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर बांधापार नेवई मरोदा में संपन्न हुआ। इस दौरान सीएम की पत्नी कौशल्या साय और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने वैद्यराज डॉ. वाई अप्पल नायडू को राजपुरोहित विश्वामित्र सम्मान से सम्मानित किया। श्री नायडू ने अब तक करीब 6 लाख लोगों को बेलना और दाल घोटनी से नस से जुड़ी कई बीमारियों को ठीक कर चुके है। अब तक सैकड़ों की संख्या में कई सामाजिक संस्थाएं वैद्यराज को सम्मानित कर चुके है। अप्पल नायडू ने कहा कि कोई भी नाडी, नस से जुड़ी बीमारियों को अपनी कला से ठीक कर चुके हैं। लोगों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है।

से.5 स्थित माता कामाक्षी मंदिर में छग अग्निकुल क्षत्रिय समाज का आयोजन

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने कामाक्षी मंदिर में की कुमकुम पूजा

कार्नर न्यूज




**भिलाई।** सेक्टर 05 स्थित माता कामाक्षी मंदिर में छग अग्निकुल क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में मनाए जा रहे शारदीय नवरात्रि महोत्सव के पांचवें दिन सैकड़ों की तादाद में शामिल समाज की महिलाओं ने अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए कुमकुम पूजा की। पूजा स्थल पर महिलाओं की इतनी ज्यादा भीड़ थी कि जिन्हें जगह नहीं मिली, उन महिलाओं ने मंदिर के मंडप में ही कुमकुम पूजा शुरू कर दी। इस दौरान प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं दोबार के विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने भी माता की आराधना की।



### माता के वस्त्रों की नीलामी में उमड़े भक्तगण

दोपहर को भोग वितरण के बाद केंद्रीय समिति द्वारा माता के दो सौ से ज्यादा वस्त्रों की नीलामी भी की गई, जिसमें भक्तगण उमड़ पड़े। भक्तों द्वारा अर्पित इन वस्त्रों को माता कामाक्षी को पहले ही धारण किया जा चुका है। माता के पहने हुए वस्त्रों के कारण इनकी नीलामी में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित विशाल कक्ष में 405 अखंड ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। हर दिन संध्या आरती के पश्चात रास गरबा तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

### माता कामाक्षी का किया गया अभिषेक

इससे पहले सुबह पंडित कृष्ण चैतन्य के सान्निध्य में वैदिक मंत्रों के बीच गाजरी रंग के नूतन वस्त्र, फूलों और आभूषणों से सुसज्जित कामाक्षी मां की प्रतिमा का अभिषेक किया गया। उसके बाद महिला सेवा समिति द्वारा पूजा-अर्चना की गई। शाम को आरती के पश्चात बच्चों ने क्लासिकल और वेस्टर्न डांस पेश किया। समापन के दिन भाग लेने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में कैंप मंडल, छावनी मंडल, पुरैना मंडल, खुर्सीपार मंडल, चरोदा मंडल तथा सेक्टर मंडल का विशेष सहयोग रहा। मंगलवार को नित्य की भांति माता का अभिषेक करने के बाद पूजा-अर्चना की जाएगी। अगले दिन अक्षराभ्यास, चित्रकला, रंगोली, खेल तथा फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई है। अंतिम दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी।

सिटी इवेंट

# तनाव प्रबंधन और मानसिक शांति को लेकर सेमिनार

**भिलाई।** पीजी मनोविज्ञान विभाग और पीस क्लब ने तनाव प्रबंधन और मानसिक शांति पर सेमिनार आयोजित किया। कार्यक्रम के वक्ता इस्कॉन मुंबई के हयाग्रीव चरण दास और अक्षोभय दास थे। उन्होंने इस विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का विषय तनाव प्रबंधन और मानसिक शांति था। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना समाज (इस्कॉन), जिसे आमतौर पर हरे कृष्ण आंदोलन के रूप में जाना जाता है। हमें सिखाता है कि जीवन का अंतिम लक्ष्य समुदाय की सेवा करना है। इस अवसर पर युवाओं को तनाव मुक्त करने के तरीकों के बारे में बताया गया। सेंट थॉमस कॉलेज ने इस सत्र में पीस क्लब नामक एक नए क्लब का उद्घाटन किया। शांति के प्रतीक, कार्डबोर्ड पर चित्रित सफेद कबूतरों को गर्म गुब्बारों में हवा में उड़ाया गया। यह क्लब मानव जाति में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देगा।प्रशासक फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने मार्टिन लूथर किंग के कार्यों के बारे में भी बताया। प्राचार्य डॉ. एमजी रॉयमन ने विभाग को इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉ. देबजानी मुखर्जी, डॉ. सुमिता सिंह, डॉ. रीमा देवांगन, डॉ. अंकिता देशमुख, डॉ. निम्मी वर्गीस आदि मौजूद थे।




एजुकेशन लाइव

# भारती विवि परिसर में रोपे गए आम, अंजीर, आंवला के पौधे



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के विज्ञान संकाय द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के समस्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में आम, अंजीर, आंवला आदि फलदार पौधों का रोपण किया गया। उन पौधों के संरक्षण और देखरेख हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृक्षारोपण के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराना था। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. स्वाति पाण्डेय ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर युक्ति नोन्हारे ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि कारखाना, बांध और सड़क निर्माण निगल रहे हैं वनस्पतियों के प्राण। मृदा अपरदन और जल प्रदूषण, वनस्पति नहीं लगाने का यही है नुकसान।' इस अवसर पर डॉ. प्रतिभा कुरूप, डॉ. आकांक्षा जैन, डॉ. श्वेता एन., स्वीटी तिवारी, प्रियंका साहू सहित विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

सिटी इवेंट

# ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए स्टूडेंट्स को दिए टिप्स




**भिलाई।** अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय धनोरा में वित्तीय साक्षरता (फाइनेंशियल लिट्रेसी) विषय पर व्याख्यान का आयोजन वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। प्रभारी प्राचार्य विकास पंचाक्षरी की अध्यक्षता में यह कार्यशाला हुई। कार्यक्रम में शेख मो. जावेद आईसीआईसीआई फाउंडेशन भिलाई के सदस्य प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे। पंचाक्षरी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मोहम्म जावेद ने विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन एवं वित्तीय नियोजन के संबंध में और इसके साथ ही वर्तमान में चल रही ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी। साथ ही इससे बचने के उपाय संबंधी अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। द्वितीय वक्ता के रूप में विभागाध्यक्ष श्वेता साव ने भी इस विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला में साइबर फ्रॉड से बचाव और शिकायत करने वाले सर्च इंजन की जानकारी दी गई। स्टूडेंट्स ने जिज्ञासावश प्रश्न भी किए, जिनका विशेषज्ञों ने जवाब भी दिया। भविष्य में भी ऐसी कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

- वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान, आयोजित स्पर्धा के प्रतिभागी सम्मानित

### स्पर्धाओं के प्रतिभागी हुए सम्मानित

इस अवसर पर प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया। इसमें रंगोली में प्रथम साक्षी नेगी (बीएससी तृतीय वर्ष), द्वितीय त्रिषिका उइके (बीकॉम तृतीय वर्ष) एवं तृतीय वर्षा यादव (बीएससी तृतीय वर्ष) रहीं। पोस्टर प्रतिस्पर्धा में प्रथम श्रीया गौतम (बीकॉम द्वितीय वर्ष), द्वितीय सोमिका यदु (बीएससी तृतीय वर्ष) एवं तृतीय आदित्य गेंद्रे (बीसीए प्रथम वर्ष) रहे। वित्तीय साक्षरता विषय पर व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं परस्पर संवादात्मक रहा। इस अवसर पर श्वेता साव, छाया साहू, प्राध्यापकगण में डॉ. हेमा कुलकर्णी, कल्पना शुक्ला पाण्डेय, डॉ. स्वाती तिवारी, विश्वनाथ ताम्रकार, डॉ. संदीप कुमार, शाहिस्ता, अतिथि सिंह एवं विद्या वर्मा उपस्थित थे।

मां का दरबार : दुर्ग-भिलाई में कई जगहों पर 50 साल से ज्यादा समय से दुर्गोत्सव समितियां सक्रिय

# लाल मैदान में 53 साल, सेक्टर-1 में 36 और सत्ती चौरा में 48 साल से स्थापित हो रहीं देवी प्रतिमा

**दुर्ग-भिलाई।** शारदीय नवरात्र को लेकर माता का दरबार सज-धज के तैयार हो गया है। भक्त माता दर्शन को देवालयों और दुर्गा पंडालों तक पहुंचने लगे हैं। ऐसे में हमने कुछ ऐसे दुर्गा पंडालों की जानकारी जुटाई, जहां लंबे समय से दुर्गोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सबसे पुराना आयोजन पुरानी गंजमंडी दुर्ग है, जहां पिछले करीब 57 साल से दुर्गा प्रतिमा स्थापित हो रही है। इसी प्रकार लाल मैदान पावर हाउस में पिछले करीब 53 वर्षों में माता की अराधना में दुर्गोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग के पद्मनाभपुर में भी पिछले करीब 30 सालों से माता की प्रतिमा विराजमान हो रही है। इसी प्रकार सत्ती चौरा गंजपारा में 48 वर्षों से माता का दर्शन लाभ मोहल्लेवासियो को मिल रहा है। बता दें कि पुराने समय में मंदिरों और देवालयों के आसपास ही दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जाती थीं, जहां पूरे नव दिन माता की अराधना के साथ भजन-कीर्तन और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होता था। धीरे-धीरे झांकियों, आकर्षक लाइटिंग और सांस्कृतिक आयोजन होने लगे।



### लाल मैदान पावर हाउस में इंद्र लोक

लाल मैदान पावर हाउस में पिछले करीब 53 वर्ष से माता की प्रतिमा विराजित हो रही हैं। इस बार घट पूजन के साथ ज्योति कलश की भी स्थापना की गई है। साथ ही इंद्रलोक का दृश्य झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनिरुद्ध गुप्ता ने बताया कि पौराणिक कथाओं और शास्त्रों के अनुसार अप्सरा को एक सुंदर, अनुपम और अनेक कलाओं में दक्ष स्वर्ग में रहनी वाली अलौकिक और तेजस्वी दिव्य स्त्री माना जाता है। हमारे देश में बेटियों, महिलाओं को देवी स्वरूप माना गया है। इसी थीम के मद्देनजर सुभाष नवयुवक जागृति समिति ने देवराज इन्द्र के स्वर्ग को झांकी में प्रदर्शित करने का प्रयास किया है। इंद्र की 11 अप्सराएं प्रमुख सेविका थीं। ये 11 अप्सराएं हैं- कृतस्थली, पुंजिकस्थला, मेनका, रम्भा, प्रम्लोचा, अनुम्लोचा, घृताची, वर्चा, उर्वशी, पूर्वचित्ति और तिलोत्तमा। इन सभी अप्सराओं की प्रधान अप्सरा रम्भा थीं। यही आकर्षण का केंद्र है।

### प्रेम मंदिर और भगवान कृष्ण की लीलाओं को समर्पित तारघर सेक्टर-1 पंडाल





नवयुवक दुर्गोत्सव समिति द्वारा पिछले करीब 36 सालों से दुर्गोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग-भिलाई की सबसे आकर्षक प्रतिमा और झांकियां यहीं की रहती है। प्रतिवर्ष तारघर मैदान सेक्टर-1 में गरबा और आकर्षक झांकियां भक्तों के आकर्षक का केंद्र रहती है। इस बार भी हर दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। आयोजन समिति के गोकुल शर्मा बताते हैं कि प्रतिवर्ष अलग-अलग थीम पर झांकियां तैयार की जाती है। समिति द्वारा पहले गोकुल धाम, स्वर्ग-नरक, संसद भवन, स्वामी नारायण मंदिर, भुज मंदिर, विक्टोरिया पैलेस कलकत्ता, चंद्रयान की आकर्षक झांकियां तैयार की गई थी। इस बार भी हमने गोकुल के प्रेम मंदिर और भगवान कृष्ण की लीलाओं को आकर्षक रूप दिया है। आयोजन समिति के संरक्षणगण में वशिष्ठ नारायण मिश्रा, इंद्रजीत सिंह छोटू, पुलिस अधिकारी राजेश मिश्रा, संजीव शुक्ला, दीपांशु काबरा, संजय सिंह सहित अन्य शामिल हैं। उनके अलावा पी श्रीनिवास राव, शम्मी ढिल्लन, विजय नायडू, दीपक पटेल, भास्कर राव, जय प्रकाश चौहान, अरविंद मिश्रा, सोनल दुबे सहित अन्य समिति के सदस्य हैं, जो सेवाकार्य में जुटे हुए हैं।

### क्वांर नवरात्र पर सत्ती चौरा में विराजी माता की प्रतिमा



धर्म नगरी दुर्ग में चारों तरफ क्वांर नवरात्र पर्व पर माता का आगमन हुआ। हर गांव, वार्ड, बस्ती में माता की प्रतिमा विराजमान हैं। सत्ती चौरा में दुर्गा प्रतिमा विराजित किए जाने का यह 48वां वर्ष है। पंडाल में ढोल, बैंड-बाजे के साथ माता की शोभायात्रा निकालकर माता की प्रतिमा विराजित की गई। दुर्ग के दुर्गाधाम नाम से प्रसिद्ध गंजपारा में दो स्थानों पर माता जी की विशाल प्रतिमा एवं पंडाल बनवाया जाता है। 2 बड़ी समितियों सत्तीचौरा और गंजपारा दुर्गात्सव समिति की माता प्रतिमाओं को 2 बहनों के रूप में जाना जाता है। दुर्गा मंदिर में लगभग 400 ज्योति कलश स्थापित की गई हैं।पहले दिन सुबह 6:30 बजे घट स्थापना, ध्वजारोहण ज्योति कलश प्रज्ज्वलित पूजन आरती की गई। इसके बाद सुबह 10 बजे विधि-विधान से अन्य कार्यक्रम संपन्न कराए गए। इस अवसर पर अशोक राठी, राजेश शर्मा, नरेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश टावरी, सुरेश गुप्ता, विजय मनहरे, बसंत शर्मा, मनोज भूतड़ा आदि मौजूद थे।

### सेक्टर-7 में माता की प्रतिमा स्थापित, जंगल थीम पर झांकी

खेल एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा आयोजित सेक्टर 7 हाईस्कूल दशहरा मैदान में श्री दुर्गा पूजा उत्सव भव्य पंडाल के साथ प्रारंभ जंगल थीम पर है। इसमें मनोरंजन, भक्ति, और संस्कार का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। 12 अक्टूबर को विजयदशमी पर रावण, मेघनाथ और कुंभकरण दहन होगा।



### श्यामा श्याम धाम में माता स्थापना का दूसरा साल

श्यामा श्याम धाम सार्वजनिक दशहरा मैदान नेवई भाठा उमरपोटी में पिछले दो सालों से माता की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस बार भी सार्वजनिक दुर्गा व दशहरा उत्सव समिति द्वारा माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस वर्ष भी भजन-संध्या, जस गायन से लेकर अन्य आयोजन हो रहे हैं। विजयदशमी पर रावण दहन की तैयारी है।



व्याख्यान

# प्रॉम्ट इंजीनियरिंग में एक्सपर्ट बनने से बेहतर करियर के अवसर बनेंगे

**भिलाई।** केके मोदी यूनिवर्सिटी महमरा ने ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ के सहयोग से स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की मेजबानी में प्रॉम्ट इंजीनियरिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया। नेक्स्टवेल्थ सहायक प्रबंधक आरिश नकवी, सीनियर ऑपरेशन मैनेजर महेंद्र सिंह ने इंवेंट से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक प्रसिद्ध संगठन है। इसका नेतृत्व सोमेश शर्मा करते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रॉम्ट इंजीनियरिंग में नवीनतम विकासशील प्रौद्योगिकी के बारे में गहन ज्ञान प्रदान किया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे प्रॉम्ट इंजीनियरिंग में महारत हासिल करने से छात्रों के लिए करियर के नए अवसर खुल सकते हैं, जिससे उच्च तकनीकी क्षेत्रों में प्रवेश में आसानी हो सकती है। इस कार्यक्रम में ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ के स्टाफ के साथ कुलपति डॉ. मोनिका सेठी शर्मा और इंजीनियरिंग स्कूल के प्रमुख डॉ. वसीम अहमद अंसारी, प्रोफेसर विक्रम, स्कूल ऑफ साइंस के प्रमुख डॉ. मोहम्मद बख्तावर प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यशाला छात्रों को नवीनतम ज्ञान और कौशल से लैस करने, उन्हें तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य और करियर मार्गदर्शन के लिए आयोजित की गई।



केके मोदी यूनिवर्सिटी महमरा में प्रॉम्ट इंजीनियरिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला

# सीएम का शहर विकास के लिए राशि उपलब्ध कराए जाने पर किया सम्मान



**दुर्ग।** शहर के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने करोड़ों रुपए की राशि उपलब्ध कराई है। इसके लिए बीजेपी युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयासों से शहर में विकास कार्यों की नींव रखी गई। आयोजन में गृहमंत्री अरुण साव भी शामिल हुए थे। चंडी-शीतला मंडल के अध्यक्ष शुभम साहू और सोशल मीडिया प्रभारी कुंदन साहू ने कहा कि शहर विधायक गजेंद्र यादव के प्रयासों से 23 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। इसमें इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग, केनाल रोड और चंडी मंदिर से नयापारा चौक का सौंदर्यीकरण, चौड़ीकरण और निर्माण शामिल हैं। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रतीक चिन्ह किया भेंट

योग तपस्या : आनंद सरोवर बघेरा में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

# नकरात्मक विचार हमारे स्वभाव में शामिल हो चुका, इसे सकरात्मकता में बदलने की आवश्यकता : आत्मप्रकाश

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बघेरा स्थित आनंद सरोवर में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था में आने वाले साधकों के लिए एक दिवसीय योग तपस्या शिविर का भी आयोजन किया गया। माउंटआबू राजस्थान से युवा प्रभाग के अध्यक्ष आत्मप्रकाश भाई, रूंगटा कॉलेज के चेयरमैन संतोष रुंगटा, चर्तुभुज राठी, निर्मल जैन, रीटा बहन सहित अन्य आयोजन में प्रमुख रूप से शामिल हुए। दीप प्रज्वलन के साथ चंद्राणी, युक्ति, जागृति और लीना के मनमोहक नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। रीटा बहन ने निराकार परमपिता परमात्मा शिव का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का परम सौभाग्य है कि नवरात्रि में हमारी शक्तियों को जागृत करने के लिए आत्मप्रकाश दुर्ग पहुंचे हुए हैं। सकारात्मक जीवन शैली विषय पर बतौर मुख्य अतिथि आत्मप्रकाश ने अपने विचार रखे।



### गलत को न करने की शक्ति हम लोगों में कम हो रही

आत्म प्रकाश ने जर्मनी प्रवास के समय के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किसी ने वहां उनसे एक प्रश्न पूछा कि दुनिया में आध्यात्मिक संस्थाएं इतनी बढ़ रही हैं, लेकिन मनुष्य का नैतिक पतन क्यों हो रहा है। इस पर उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर ज्ञान तो दिया जाता है, कि यह गलत है। यह सही है, यह करना चाहिए, यह नहीं करना चाहिए, किंतु गलत को न करने की शक्ति आज मनुष्य आत्माओं में क्षीण हो रही है। यह शक्ति हमें राजयोग से मिलती है। जब हम स्वयं को आत्मा निश्चय कर निराकार परमपिता परमात्मा शिव से संबंध जोड़ते हैं, तो हमारे अंदर वह शक्ति जागृत होती है, जिससे हम विकारों व बुराइयों से सहज ही मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि नकारात्मकता जीवन से दिखाई देती है, उसे सकारात्मकता में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। क्योंकि जब हमारा दृष्टिकोण नकारात्मक होता है, तो हमारे मन में ना चाहते हुए भी नकारात्मक विचार आता है। यह बहुत लोगों का स्वभाव बन चुका है। कोई व्यक्ति ने बहुत सुंदर सफेद वस्त्र पहना हुआ है। उस पर छोटा सा काला दाग है, तो सबसे पहले हमारा ध्यान काला दाग पर जायेगा।

### 11 तक चैतन्य झांकी, 14 से योग शिविर

संतोष रुंगटा ने कहा कि आत्म प्रकाश भाई को सुनकर ऐसा लगा जैसे हम शिवानी दीदी को सुन रहे हैं। मुझे लगता है यहां मौजूद 90% से ज्यादा तो सकारात्मक ही होंगे। सकरात्मकता को समझना जरूरी है। चतुर्भुज राठी ने कहा कि हम ही सर्वोत्तम है, इस धारण से उपर उठना होगा, तो हमारे अंदर से नकारात्मक का भाव खत्म हो जाएगा। समाजसेवी निर्मल जैन ने भी सभी को अपनी शुभकामनाएं दी। मंच संचालन ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा ने किया। उन्होंने बताया ब्रह्माकुमारीज के बघेरा स्थित आनंद सरोवर 11 अक्टूबर तक देवियों की चैतन्य की रखी जा रही है, जिसमें राजयोग की साधना से यहां आने वाली बहनें देवियों के रूप में बैठती हैं जो कि तन और मन की एकाग्रता व स्थिरता का सुंदर सामंजस्य है। 14 अक्टूबर से ब्रह्माकुमारीज के सभी सेवा केन्द्रों में निःशुल्क राजयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। समय सुबह 7 से 8 एवं 9 से 10 तथा शाम को 6 से 7 एवं 7 से 8 होगा।



## खबर संक्षेप

### सदस्यता अभियान के रथ यात्रा में शामिल होंगे रवि

**अंडा।** ग्राम विनायकपुर में 8 अक्टूबर सुबह 10 बजे से रथ यात्रा के साथ पहुंच कर रवि भगत सदस्य अभियान की शुरुआत करेंगे। इसी



के साथ आलबरस, निकुम, तिरगा जैसे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विभिन्न गांव पर शामिल होकर अधिक से अधिक लोगों को भाजपा के सदस्य का ग्रहण करवाएंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश, जिला, मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। इस कार्यक्रम का सूचना दुर्ग जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश बेलचंदन ने दी।

### बच्चों को कराया नवरात्रि पर न्योता भोजन



**निकुम।** स्वामी आत्मांनद एक्सीलेंट अंग्रेजी मिडियम निकुम स्कूल में 'शक्ति पर्व नवरात्रि पर स्कूली बच्चों को निकुम के लोककलाकार लोकेश्वर साहू ने अपने नातिन धात्री साहू के जन्म दिवस पर स्कूल में स्कूली बच्चों को न्योता भोजन कराया। वहीं इस अवसर पर संस्था प्रभारी जीएल बंजारे ने कहा कि ग्रामीणजन समय समय पर स्कूल में न्यौता भोजन करा रहे है, जो कि सराहनीय पहल है। वहीं लोकेश्वर साहू ने कहा कि न्योता भोजन से बच्चो को पौष्टिक आहार मिलता है, खुशिया सब के साथ मिलकर बाटे।

## निधन

### रामशंकर शुक्ल

**भिलाई।** हाऊसिंग बोर्ड विश्व बैंक कॉलोनी, कुरूद भिलाई निवासी भूतपूर्व सैनिक एवं पूर्व बीएसपी



कर्मी रामशंकर शुक्ल उम्र 99 वर्ष का निधन 7 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 अक्टूबर को निज निवास सीनियर एमआईजी 815 से दोपहर 12 बजे रामनगर सुपेला मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्वदेश शुक्ल, जयेश शुक्ल, सरोज अवस्थी, आराधना मिश्रा के पिता व निकिता, स्वराज, डॉ. श्रेया एवं आयुष के दादा थे।

## बैकुंठधाम मंदिर नेवई में राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता व सम्मान समारोह

# एक हजार रुपये कभी-कभी लाख के बराबर हो जाता है: कौशिल्या साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

**रामधुनी महोत्सव में शामिल हुई सीएम की पत्नी कौशिल्या**



प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर समिति नेवई में रविवार को छग स्तरीय रामधुनी महोत्सव प्रतियोगिता व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीएम की पत्नी कौशिल्या साय थीं। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की कला संस्कृति का जवाब नही है। गांव के माटी में ही प्यार मिलता है। आप हम सब मिलकर कला संस्कृति को बचाने का प्रयास करे। कर्म करने के पहले धर्म जरूरी है। हमेशा आपका आचरण अच्छा होना चाहिये। महिलाओं के सिर पर हमेशा पल्लू रहना चाहिये।

छग सरकार महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत बैंक खाते में एक हजार रुपया दिया जाता है जो कभी-कभी लाख के बराबर हो जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित चन्द्राकर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने की। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमेशा काम करने वालों का मान सम्मान होता रहता है विष्णु देव की सरकार प्रदेश के सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रहे हैं। अंत्योदय के सपना को साकार करने में लगे हुए हैं। आज समाज के विभिन्न वर्गों के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मान करने का अवसर मिला सभी कोई सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। विशिष्ट अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, विधायक राजमंहत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक रिकेश सेन, ओजस्वी मंडावी प्रदेश मंत्री भाजपा जितेन्द्र वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा महेश वर्मा, दीपक चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि शैलेन्द्र शेन्डे अध्यक्ष रिसाली मण्डल थे। स्वागत भाषण डॉ. आरएस बारले ने दी। उन्होने मंदिर को छग पर्यटन में शामिल करने व समिति को 25 लाख रुपये मुख्यमंत्री से प्रदान करनें का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रमुख़ रूप से भागबत बुंदेला, राजू लाल नेताम, भूपेंद्र साहू, कविता वासनिक, हेमा धनकर, शत्रुघन धनकर, ममता सिन्हा, समाजसेवी सोनूराम सिंह, शेलेंद्र साहू, निगम सिंह, गजेन्द्री कोठारी, ब्यास नारायण वर्मा, पार्षद सोनिया देवांगन, नवीन सिन्हा, रेखा देवी, ईश्वरी साहू सहित आदि उपस्थित थे।

## सामान्य ज्ञान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में करती है मदद: अन्नपूर्णा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में विश्व पर्यटन दिवस मनाया

स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विज्ञान क्लब के द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पर्यटन दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान क्लब प्रभारी अन्नपूर्णा यादव असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति शास्त्र ने कहा कि पर्यटन स्थल का सामान्य ज्ञान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में भी मदद करती है, इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ एवं भारत के पर्यटन स्थलों से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर बीएससी अंतिम वर्ष गणित समूह से ढालेंद्र, योगेंद्र, चिकेश्वरी ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर बीएससी अंतिम वर्ष जीव विज्ञान समूह से ओमेश्वरी, दुर्गेश एवं जागृत ने द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान बीए अंतिम वर्ष के दीपेश, चित्रलेखा, लिलेश्वरी ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. डीके बैलेंद्र ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर बधाई दी। डॉ.सीमा जायसवाल असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य ने छात्र-छात्राओ को प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपने सामान्य ज्ञान में वृद्धि करने हेतु अभिप्रेरित किया ।कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश अतिथि व्याख्याता राजनीति शास्त्र एवम कामता प्रसाद बंजारे अतिथि व्याख्याता गणित ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. ओपी चंद्रा, डॉ. शिप्पी देवांगन, जीवंतिका ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

## अध्यात्म, साहित्य और समाज सेवा में जुड़े लोगों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




■ मानस दर्शन जीवन अर्पण समूह ने आध्यात्म के क्षेत्र मे रचा इतिहास

मानस दर्शन जीवन अर्पण समूह ने आध्यात्म के क्षेत्र मे रचा इतिहास अनूठा जन जागरण मिशन आदिवासी बाहुल्य केशकाल में आध्यात्म साहित्य एवं समाज सेवा में जुड़े लोगों को मिला, अलंकरण अंतराष्ट्रीय कथावाचक संत सियाराम शरण के हाथों सम्मानित हुए। छग के मनोहर वादी बोरगांव केशकाल में हुए आयोजन में प्रदेश भर के 17 जिले प्रचलित मानस मंडली ने सांगीतिक प्रस्तुति दी। प्रभु राम का नैनीहाल हमारा छ ग जहा की संस्कृति एवम विरासत प्रभु के जीवन लीलाओं पर केंद्रित है जिसके उत्थान के लिए छग शासन भी समय समय पर मानस मंडलियों को प्रोत्साहित कर रही है और राज्य स्तर में श्रीराम चरितमानस का ऐसा पटल जो समूचे भारत वर्ष में मानस दर्शन जीवन अर्पण के नाम से विख्यात है जिनके संस्थापक दीपक गुहा है। जिन्होंने धार्मिक संस्कृति उत्थान जन जागरण के क्षेत्र में अनेक अभूत पूर्व कार्य किए है। श्रद्धा पर्व के रूप में भारत के मानस पितरो को समर्पित उक्त कार्यक्रम में छग के विभिन्न जिलों के नामचीन प्रतिनिधि मानस मंडलियों की प्रस्तुति हुई जिसे पुरस्कृत किया गया। वहीं श्रीधाम अयोध्या गोलाघाट से पधारे पूज्य संत सिया राम शरण के के हाथों से शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, कला, साहित्य, सामाजिक, जनकल्याण आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मानस विभूतियों को अलंकृत किया गया। 17 जिले से आए प्रतिनिधि मानस मंडलियों के बीच प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें प्रथम स्वरांजलि मानस मंडली तुमाकला दुर्ग, द्वितीय हरि ओम मानस मंडली धर्मी बलोद, तृतीय विनय मानस मंडली भिलौरी बेमेतरा रही।

कार्यक्रम का संचालन संयोजक मंडल के साथियों के द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन स्थानीय आयोजक समिति के अध्यक्ष गुप्तेश्वर बघेल केशकाल के द्वारा किया गया। यह जानकारी केके सिन्हा संयोजक दुर्ग, पुनेश्वर साहू, नूतन साहू संयोजक मंडल दुर्ग के माध्यम से प्राप्त हुआ। मानस दर्शन जीवन अर्पण संस्थापक दीपक गुहा मानस जिज्ञासु मरौद थे।



सेलूद। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति चुनकट्टा।



अंडा। नव युवक दुर्गा उत्सव समिति बाढ़ा चौक अछोटी।



जामगांव आर। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति जामगांव आर।



जामगांव आर। बटरेल में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव में सेवा भक्ति की धूम



**भिलाई।** खुर्सीपार जोन 1 स्ट्रीट 16 पावर हाउस में मां दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई

## पूर्व सीएम भूपेश ने मां महामाया के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



शारदीय नवरात्र के चतुर्थ तिथि पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कुम्हारी पहुंचे जहां उन्होंने मां महामाया माता के दर्शन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की मंगलकामनाएं की। उन्होंने पूजा- अर्चना के बाद प्रज्वलित जोत जवांरा के दर्शन किये यही नहीं भूपेश बघेल ने अपने द्वारा जलवाए मनोकामना के जोत का दर्शन कर हवन पूजन किया। इस दौरान मंदिर के पुजारी तेजराम देवांगन एवं दुर्गा देवांगन सहित नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार्षद थनेश पटेल, मनहरण यादव, आकाश देवांगन, गिरीश देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, विष्णु देवांगन, नोबल सिन्हा, अमर यादव आदि उपस्थित थे।

## नवरात्रि पर देवी मंदिरों में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने की पूजा-अर्चना



**अंडा।** प्रदेश व दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सुख शांति के लिए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शारदीय नवरात्र के पंचमी दिवस सोमवार को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्थित मां दुर्गा के अनेक मंदिरों में पूजा अर्चना किये। सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम रसमड़ा स्तिथ झांपी डोंगरी मंदिर की पूजा-अर्चना की और माथा टेका तथा ग्राम गनियारी में दुर्गा पंडाल पहुँच कर आशीर्वाद लिए साथ नगर निगम रिसाली के विभिन्न पंडालो में शामिल हुये। समिति की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेंद्र यादव, जनपद सदस्य अजय वैष्णव, सरपंच ममता भागवत साहू, लालजी गुप्ता, रोहित साहू, परमानद साहू सहित मंदिर समिति सदस्यगण मौजूद थे।



उतई। जय बजंरग दुर्गा उत्सव ट्रस्ट गांधी चौक उतई




## बिजनेस साइट

# बायो-डाटा में अपने स्किल्स का गुणगान करें, अपना, स्कूल या कॉलेज का नहीं

**भिलाई।** आज अपने ग्रेजुशन के अंतिम वर्ष में प्रवेश करते ही हर जागरूक छात्र-छात्रा अपनी प्रथम नौकरी के लिए बायोडाटा, रिजुम या कुरीकुलम वाइटे बनाने या डिजाइन करने में लग जाता है। कुछ छात्र- छात्राएं अपनी प्रवृत्ति के अनुसार गूगल से फारमेट, शब्द, डिजाइन, कलर आदि जो किसी ने भूतकाल में अपने बायोडाटा में उपयोग किया हो, उसे जैसे का तैसा उतार लेते है, तो कुछ शब्दों आदि को विभिन्न अलग-अलग तरीकों से दर्शाते हैं और केवल 5 से 10 प्रतिशत लोग या छात्र-छात्राएं अपना अलग फारमेट, शब्द, डिजाइन आदि का उपयोग कर अपने बायोडाटा रिजुम या कुरीकुलम वाइटे को आकर्षित और वजनदार बनाते हैं। इच्छुक कंपनियां इन्हीं 5 से 10 प्रतिशत लोग या छात्र-छात्राओं को प्रथम इंटरव्यू या साक्षात्कार और इंटरनशिप के लिए बुलाते है। इस बात की पुष्टि इस खुली जानकारी से होती है कि आजकल कंपनियों के मानव संसाधन विभाग में कुल एकत्रित या आमंत्रित प्रविष्टियों में से उचित बायोडाटा, रिजुमें या कुरीकुलम वाइटे के चयन हेतु एआई नामक टुल का उपयोग किया जा रहा है जो कि नकल, क्षमता से कुछ कम और क्षमता से कुछ ज्यादा योग्यता का प्रस्तुतिकरण करने वाले लोगों की प्रविष्टियों को बड़ी ही आसानी से छांट लेता है और चयन प्रक्रिया से बाहर कर देता है। इसीलिए अपने नौकरी हेतु सर्वप्रथम बायोडाटा रिजुम या कुरीकुलम वाइटे में अपना व्यक्तित्व, स्कूल या कॉलेज का गुणगान करने के बजाय अपने स्किल्स का गुणगान ज्यादा करें। क्योंकि एआई किसी भी पद, डिपाटमेंट इंडस्ट्री में उपलब्ध रोज़गार के अवसर के लिए जरूरी ज्ञान, स्किल्स आदि को पहचानता है और उन जरूरतों को पूरा करने वाला बायोडाटा, रिजुम या कुरीकोलम वाइटे को छांटकर अलग कर देता है। इसी प्रकार स्किल्स को सीखने और डेवलप करने वाले ट्रेनिंग सेंटर प्रोग्राम आदि की अधिकृतता की जांच भी कर लेता है। अपने व्यक्तित्व को अच्छी से अच्छी भाषा और शब्दों का उपयोग कर अप्रत्यक्ष रूप से आप अपने बायोडाटा, रिजुम या कुरीकुलम वाइटे का भार तो बढ़ा देते है लेकिन कब तक जब तक सामने वाले से आमने-सामने मुलाकात या बातचीत प्रत्यक्ष रूप से नहीं हो जाती। इसी प्रकार अच्छे से अच्छे स्कूल, कॉलेज की रैंकिंग बाजार में हर तीन-चार साल में बहुत ज्यादा परिवर्तित होती रहती है पर एक ही चीज़ जो जीवन भर आप के साथ रहती है और आपके रोज़ाना के व्यवहार में बनी रहती है वो है 'आपकी स्किल्स'। इसीलिये आज के युवाओं से मेरा अनुरोध है कि न केवल अपनी स्किल्स का गुणगान करें। समय-समय पर बाजार की मांग के अनुसार उन्हें अपडेट करते रहे यानी 'अपास्किलिंग करते रहे।



नितिन पंड्या, कैड एकेडमी समूह (भारत)

### शहर में पेयजल संकट, नहीं खुल रहे नल, की शिकायत

**भिलाई।** भिलाई शहर पेयजल संकट से जूझ रहा है। इसे लेकर वार्ड -33 की पार्षद एन शैलजा ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीने



से पेयजल संकट के हालात बने हुए हैं। उन्होंने 21 अगस्त को भी पानी की दिक्कत को लेकर शिकायत की थी। उस समय अधिकारियों ने इंटकवेल के साइफन में कचरा फंसने की वजह से पानी की दिक्कत होने की बात कही, लेकिन अब तक समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि दिन में एक टाइम नल खुल रहे हैं, उसमें भी महज 10 से 15 मिनट पानी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर नल नहीं खुलते हैं। संबंधित अधिकारी गुमराह करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि समस्या का निराकरण जल्द नहीं हुआ, तो वे वार्ड के लोगों के साथ निगम कार्यालय में धरना देंगी।



# निगम का किसानों को झटका, गेहूं-चना सहित बीज के दाम में वृद्धि

## कई किस्म के बीज की कीमत में प्रति क्विंटल दो से तीन हजार रुपए तक की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रवि फसल शुरू होने से पहले छग राज्य बीज निगम एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड ने किसानों को बड़ा झटका दिया है। रवि सीजन में सबसे ज्यादा बाय जाने वाले चना और गेहूं सहित अलसी के दामों में भारी वृद्धि कर दी गई है। जिसके चलते इस बार रवि सीजन के लिए किसानों को पिछले साल के अपेक्षा अधिक दाम चुकाने पड़ेंगे।

जानकारी अनुसार रबी 2024 -25 के लिए किसानो को विक्रय हेतु बीज की नई दरें घोषित कर दी है। इसके मुताबिक रबी बीज की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। कई किस्म के बीज की कीमत में प्रति क्विंटल दो से तीन हजार रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। सबसे ज्यादा अलसी बीज की कीमत में 3265 रुपए की वृद्धि की गई है।

घोषित नई दरों के अनुसार अलसी बीज की कीमत 9765 रुपए प्रति क्विंटल कर दी गई है। जबकि गत वर्ष इसकी कीमत प्रति क्विंटल 6500 रुपए थी जिसके मुकाबले इस बार कीमत में 3265 रुपए की वृद्धि हुई है वहीं कुसुम बीज की कीमत गत वर्ष की तुलना में प्रति क्विंटल 2476 रुपए की बढ़ोतरी की गई है मूंगफली 8500 से 10795 एवं उड़द बीज 10250 रुपए से बढ़कर प्रति क्विंटल12500 रुपए हो गया है।

### चना बीच में 420 रुपए की बढ़ोतरी

इसी प्रकार चना बीज की कीमत में गत वर्ष की तुलना 665 से 1085 रूपए प्रति क्विंटल वृद्धि की गई है, गत वर्ष इसकी कीमत 8000 रूपए प्रति क्विंटल थी। इसे बढ़ाकर 8665 से 9085 रूपए कर दिया गया है, मटर 8900 से बढ़कर 9550 रुपए हो गया है। अर्थात प्रति क्विंटल इसकी कीमत में 650 रुपए की वृद्धि कर दी गई है। मसूर की कीमत में प्रति क्विंटल 900 रुपए की वृद्धि कर 10000 से बढ़ाकर 10900 रूपए कर दिया गया है। तिवड़ा बीज की कीमत 5328 से बढ़ाकर 6120 रूपए कर दिया गया है, वहीं मूंग 11000 से 11500 एवं सरसो बीज की कीमत 7500 से बढ़ाकर 7770 रूपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। गेहूं ऊँची किस्म की कीमत में प्रति क्विंटल 10 से 160 रुपए की वृद्धि की गई, जबकि गेहूं बौनी 10 वर्ष के बाहर की कीमत में 120 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि कर 3870 रूपए कर दिया गया है। एकमात्र गेहूं बौनी 10 वर्ष के अंदर की कीमत घटी है, इसे 3900 से घटाकर 3670 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है।

### बेहतर उत्पादन का अनुमान

अफसरो का कहना है कि, जिन बीजों के दाम बढ़ाए गए हैं। उसका उपयोग पिछले 10 साल से कर रहे हैं। बीज प्रबंधक एस के बेहरा का कहना है कि, गेहूं तथा चना के 10 वर्ष के अंदर की किस्मों के लिए विक्रय दरें 10 वर्ष के बाहर की किस्मो की दरों से कम रखी गई है। ताकि कृषक द्वारा 10 वर्ष के भीतर की किस्मों को अधिक से अधिक अपनाया जा सके। जोकि उच्च गुणवत्ता, विभिन्न कीटों तथा रोगों के प्रति सहन शीलता तथा विपुल उत्पादन आदि गुणों से परिपूर्ण होती हैं। कुल मिलाकर किसानों को पिछले साल की अपेक्षा इस बार रवि सीजन के लिए अधिक दाम चुकाने पड़ेंगे। बीज निगम के प्रक्रिया प्रभारी का कहना है कि समिति में भंडारण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### महिला मंडल ने अमावस्या पर किया भंडारा

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आशाराम बापू की महिला संगठन शक्ति महिला उत्थान मंडल भिलाई दुर्ग की बहनों द्वारा केलाबाड़ी में अध्यात्मिक जन जागरण और अमावस्या के निमित भोजन भांडरे का आयोजन जरूरत मंद लोगों के बीच किया गया।जन सेवा कार्यक्रम में महिला उत्थान मंडल की सभी बहनें उपस्थित थे। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ द्वारा दी गई।

### नया कार्यालय उतई रोड में संचालित

**दुर्ग।** उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय का संचालन पूर्व में जिला बुनकर संघ संतराबाड़ी में संचालित किया जा रहा था। खाद्य एवं औषधि प्रशासन दुर्ग का नवीन कार्यालय गांधी पुतला के पास नगर निगम रोड उतई टेम्पो स्टेण्ड के पास संचालित किया जा रहा है।

### 17 तक आवेदक कर सकेंगे दावा-आपत्ति

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी द्वारा आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 3 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी से प्राप्त जानकारी अनुसार अंतिम तिथि उपरांत प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी कर निर्धारित मापदण्ड के आधार पर अनुमोदित अंतरिम मूल्यांकन पत्रक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी एवं नगर पालिक निगम दुर्ग के कार्यालय परिसर में चस्पा कर दी गई है। उक्त अंतरिम मूल्यांकन पत्रक में वरियता, प्राथमिकता के संबंध में किसी आवेदिका को दावा-आपत्ति हो तो 8 से 17 अक्टूबर तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी में कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पाहंदा में किसानों ने देखा पीएम का कार्यक्रम

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 18वां किस्त की राशि को देश के समस्त कृषकों के खातें में स्थानांतरित किया गया। उक्त राशि का स्थानांतरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा वाशिंन महराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इस अवसर पर पीएम वेबकॉस्ट का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ) दुर्ग में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य घनश्याम कौशिक, उप संचालक कृषि, दुर्ग संदीप भोई, ग्राम पाहंदा के प्रगतिशील कृषक राजेन्द्र साहू, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक ईश्वरी कुमार, कृषि विभाग के अधिकारी तथा जिले के 100 कृषक बंधु व महिला उपस्थित थे। कृषकों को सशक्त बनाने की कड़ी में केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यां की जानकारी केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री द्वारा विस्तार रूप से जानकारी दी गई।

**पहल : अस्थायी पार्किंग के लिए निगम और जिला प्रशासन ने तैयार किया प्लान**

# यातायात दबाव कम करने पार्किंग के लिए आधा दर्जन जगह का चिन्हांकन

## जिला प्रशासन ने व्यापारियों के साथ किया चिन्हित स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

त्योहारी सीजन के चलते बाजार में होने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने के लिए आधा दर्जन स्थानों पर पार्किंग बनाया गया है। पुलिस व निगम के अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठकर रणनीति तैयार की है। सोमवार को इस दौरान मौका का निरिक्षण कर पार्किंग का चिन्हांन किया गया हैं।

जिसमें इंदिरा व सराफा मार्केट के लिए व्यवस्था बनाई जावेगी। जिसमें व्यापारियों व दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए पुलिस लाइन, महात्मा गांधी स्कूल एवं मारवाड़ी स्कूल मैदान में पार्किंग बनाई गई है। वहीं आम लोगों के लिए सीएसपी कार्यालय परिसर, पशु चिकित्सालय के सामने और शनिचरी बाजार के पास की खाली जमीन पर पार्किंग बनाई गई है। पसरा लगाकर फूल, दीया, मोमबत्ती आदि बेचने वालों के लिए टीबी हास्पिटल के सामने का मैदान एवं इंदिरा मार्केट पार्किंग स्थल आरक्षित रहेगा। नवरात्र पर्व के साथ ही इन दिनों यातायात दबाव बढने लगा है। ऐसे में आगामी दिनों यातायात दुरूस्त करने सोमवार को निगम और जिला प्रशासन के अफसरों ने चेंबर के पदाधिकारियों के साथ मार्केट का निरिक्षण किया था।



### बोरसी चौक तक सड़कों से हटाया कब्जा

ट्रैफिक दबाव को कम करने निगम द्वारा सडक पर दुकान लगाने व अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ भी अभियान छेड दिया गया है। जिसके तहत सोमवार को महाराजा चौक में एसडीएम हरवंश मिरी, तहसीलदार पंचराम सलामे की अगुवाई में महाराजा चौक से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही शुरू किया गया। इस दौरान साहू जलेबी, भारतीय स्टेड बैंक होते हुए बोरसी चौक क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान और तेज किया गया। सोमवार को महाराजा चौक से बोरसी मार्ग में की गई।

### सड़क पर दुकान की खैर नहीं

बोरसी चौक तालाब के करीब तोडू दस्ता ने खुल में मांस विक्रय करने वालों पर भी कार्रवाई की। दुकानदारों द्वारा टीनसेट व सड़क सीमा के आगे तक तार फेंसिंग और पक्का चबूतरा बनाया गया था, जिसको निगम के तोडू दस्ता ने सख्ती से कार्रवाही कर हटाया गया। दुकानदारो द्वारा टीन शेड डाल कर किए गए अवैध निर्माण को अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। वहीं अवैध रूप से संचालित चिकन मटन, मछली दुकान सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बेदखल किया। लगभग 75 से अधिक अवैध सामग्री रास्ते से हटाकर जब्त किया गया। कार्रवाही के दौरान पुलिस बल की उपस्थिति में हटाया गया।

# पत्थर खदान के विरोध में सैकड़ों ग्रामीण हुए लामबंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पाटन विकास खंड के ग्राम पतोरा में प्रस्तावित खदान को लेकर विरोध जताया है। ग्रामीणों ने पत्थर खदान खुलने से होने वाले परेशानी को प्रशासन के समक्ष गिनाया, वही उन्होने इस दौरान कलेक्टोरेट परिसर तक सैकडों की संख्या में पहुंचे थे। जहां ज्ञापन देकर खदान की अनुमति नही दिए जाने की मांग की हैं।

■ ग्रामीणों ने 11 बिंदुओं को रखते हुए किया विरोध

बढी संख्या में पहुंची महिलाओं ने बताया कि, 5 अक्टूबर को जन सुनवाई में वे अपनी बात नही रख पाए। उन्होने बताया कि, जनसुनवाई बंद कर अधिकारी लौट आए थे, इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए और दूसरे दिन 6 अक्टूबर को आम बैठक कर पत्थर खदान से पड़ने वाले दुष्परिणामों को लेकर 11 बिंदुओं को रखते हुए खदान खोले जाने का विरोध किया हैं। आक्रोशित ग्रामीणों सहित सरपंच ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रस्तावित खदान निरस्त करने कलेक्टर के समक्ष गुहार लगाई है। सरपंच व ग्रामीणों का कहना है कि, ग्राम में जनसुनवाई पंचायत प्रस्ताव के आधार पर मेमर्स राक ओर मिनरल पार्टनर राणा विक्रांत सिंग पतोरा लाईम स्टोन मार्डन ग्राम पतोरा के खसरा नं. 478/5 एवं अन्य लीज एरिया 4.65 है. को निरस्त करने का प्रस्ताव ग्रामीणों ने रखा है।

### पेयजल की गांव में बढी किल्लत

पूर्व में खदान खुलने से पतोरा के जल स्तर जो 80 फीट था, आज 400 फीट नीचे चला गया है। जिससे पीने के पानी के लिये उन्हें परेशानी हो रही है। खदान वाले हैवी ब्लास्टिंग करते हैं, जिसमें पतोरा के मकानों में दरारे पड़ गई है। खदान से निकलने वाली धुल एवं खदान से लगे हुए खेतों में कृषि फसलों में जम जाती है। जिससे फसल खराब हो जाती है और किसान फसल उत्पादन नहीं कर पायेंगे। प्रस्तावित खदान से लगभग 100 मी की दूरी में आबादी निवासरत करती है, यहां प्रार्थना स्थल चर्च स्थित है और धुल से जन जीवन के स्वास्थ पर बुरा असर होगा और लोग बीमार होंगे। प्रस्तावित खदान से 300 मीटर की दूरी पर आंगनवाड़ी केन्द्र स्थित हैं। एडीएम अरविंद एक्का ने बताया कि पूरी सुनवाई हुई है, जनसुनवाई के दौरान पांच सौ लोगो का बयान लिया गया है।

# राशन कार्ड नवीनीकरण एवं ई-केवायसी के लिए 31 तक समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में प्रचलित 4,68,073 राशनकार्डों के नवीनीकरण एवं राशन कार्ड से संलग्न सभी 17,11,668 सदस्यों का अनिवार्य रूप से राशन दुकानों में जाकर ई-केवाईसी करने के निर्देश हैं। शासन द्वारा राशनकार्डधारियों एवं सभी सदस्यों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निकट के किसी भी राशन दुकान में अपना राशनकार्ड एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी ले जाकर अपने राशनकार्ड का नवीनीकरण कराने की सुविधा दी गई है। इसी प्रकार राशन कार्ड के सदस्य जहां भी निवास करते हो वहां के निकट के राशन दुकान में अपने परिवार के राशन कार्ड एवं अपने आधार की कॉपी ले जाकर दुकान के ई-पॉस मशीन से संलग्न मार्को डिवाइस में अपनी अंगुली चिन्ह का प्रमाणीकरण द्वारा अपना ई-केवाईसी पूर्ण कर सकते हैं। ई-केवाईसी का कार्य यदि सदस्य अन्य प्रदेशों में या अन्य जिलों में भी निवास करते है तो वहां के राशन दुकान में जाकर उपरोक्त तरीके से ई-केवाईसी पूर्ण करवा सकते है। जिले में वर्तमान में 61657 राशनकार्डधारियों द्वारा अब तक अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया गया है तथा 3,39,324 सदस्यों द्वारा अपना ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराया गया है।

■ नवीनीकरण नहीं कराने पर हो सकता है निरस्त

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राशन कार्ड नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी पूर्ण करने के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा समय सीमा की बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने प्रभार क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में तथा आयुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सभी नगरीय निकायों में भी मुनादी एवं पर्याप्त प्रचार प्रसार कर राशनकार्ड नवीनीकरण एवं सदस्यों का ई-केवाईसी 31 अक्टूबर के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। राशनकार्ड का नवीनीकरण या सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण न होने पर उन्हें अपात्र या निरस्त किए जाने की संभावना है।

# आमरण अनशन पर बैठे साहू समाज के युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम लौहारीडीह कांड के खिलाफ जिला साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों ने सोमवार को हिन्दी भवन के सामने आमरण अनशन पर बैठकर पीड़ति परिवार व निर्दोषों के साथ न्याय और दोषी प्रशासनिक तंत्र के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की आवाज उठाई गई। मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया है। मांगो में लौहारीडीह कांड में निर्दोष 70 से अधिक लोगों की तत्काल रिहाई, मृतक प्रशांत साहू के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी या 1 करोड़ रुपए का मुआवजा राशि देने, पीड़ति परिवार की भोजन व चिकित्सा व्यवस्था के अलावा दोषी प्रशासनिक लोगों के खिलाफ कार्यवाही शामिल है। इस दौरान जिला साहू थे। आमरण अनशन स्थल पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, नगर निगम एमआईसी सदस्य दीपक साहू, संजय कोहले, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष भीखम साहू उपस्थित थे। आमरण अनशन आंदोलन को सन्नी साहू, कुलदीप साहू, सुनील साहू, हर्ष साहू, नवीन साहू, कुलेश्वर प्रसाद साहू, पोषण साहू, प्रीति साहू, हेमा साहू, हरीश साहू, नितेश कुमार, राकेश साहू, उमाशंकर साहू, उमेश साहू के साथ अन्य लोगों ने समर्थन दिया है।

■ पीड़ित परिवार व निर्दोषों को न्याय दिलाने उठाई आवाज



## भाजपा कार्यालय में नवकन्या भोज का आयोजन



**दुर्ग।** नवरात्रि के पांचवा दिन जिला भाजपा कार्यालय में नवकन्या भोज आयोजित किया गया। शहर विधायक गजेंद्र यादव ने देवी स्वरुप नवकन्या की पूजा अर्चना कर जनकल्याण की कामना करते आशीर्वाद लिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष विनायक नातू, राजेंद्र पाध्ये, सुरेंद्र कौशिक सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सभी कन्याओ खीर पूड़ी, फल एवं मिस्ठान प्रसादी परोसे। भोजन पश्चात सभी कन्याओ को उपहार के रूप चूड़ी, बिंदिया सहित श्रृंगार का सामान भेंट कर सभी से सुख समृद्धि की कामना कर आशीर्वाद लिए गए। इस दौरान जिला संयोजक बानी सोनी, अल्का बाघमार, अजय तिवारी, रजनीश श्रीवास्तव, मानसी गुलाटी, दीपक देवांगन, मौसमी ताम्रकार, ज्योति नामदेव, राजेश्वरी वर्मा, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।




# सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं समन्वयक डॉ आरपी अग्रवाल का सम्मान समारोह का हेमचंद विवि में आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में डॉ आरपी अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल व डॉ भुपेंद्र कुलदीप कुल सचिव हेमचंद यादव विवि दुर्ग मुख्य रुप से उपस्थित थे।

■ विभिन्न जिलों के कार्यक्रम अधिकारी हुए शामिल

कार्यक्रम के शुरूआत में निशा साहू स्वरचित उनके जीवन पर आधारित कविता का पाठ किया । जैनेन्द्र कुमार दीवान समन्वय व जिला संगठक दुर्ग, डॉ लीना साहू जिला संगठक बालोद, डॉ केएस परिहार जिला संगठक बेमेतरा, कवर्धा द्वारा स्वागत किया गया। कुलसचिव ने अग्रवाल के जीवन व सेवा क्षेत्र में किये गये कार्यों का उल्लेख किया।



विभिन्न जिलों से आए कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशेश्वरी ध्रुव, उमेश पाठक, डॉ एसआर कन्नौजे, डिगेन्द्र साहू, डॉ शिल्पा कुलकर्णी, डॉ संजय सप्तऋषि, डॉ केएस परिहार ने श्री अग्रवाल के सराहनीय कार्यकाल का जिक्र किया। डॉ आरपी अग्रवाल ने अपने 40 वर्षो की सेवा सफलता की बहुत सारी यादें कार्यक्रम अधिकारीयों से साझा किया। उन्होने कहा एनएसएस से जुड़ना किसी भी शासकीय सेवक के लिए कार्यक्षेत्र में गौरव की बात होती हैं। कार्यक्रम में डॉ लीना साहू ने श्री अग्रवाल सर के प्रति अभिनन्दन पत्र समर्पित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन संजय शुक्ला व निशा साहू द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों एवं कार्यक्रम अधिकारियों के लिए विभिन्न खेल का आयोजन किया गया। जिसका संयोजन संयुक्त पाड़ी ने किया, वृन्दावन हाल में डॉ सुरेश ठाकुर, डॉ चांदनी मरकाम, डॉ पुष्पा मिंज, प्रियांशी गजभिए, भुनेश्वर साहू, सुनील साहू, कोमल सिंह कुल्हारे, उमेश वैद्य आदि का योगदान रहा। विवि के भुनेश्वर साहू, सुनील साहू ने सभी रासेयो परिवार की ओर से सम्मान स्वरूप अग्रवाल परिवार को उपहार देकर सम्मानित किया।




